हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 4 फरवरी 2026

11 51 हजार रुपये की कुश्ती में रेशम बाघोत ने जितेंद्र...



12 पंचायत के गबन की जांच होने पर भी कार्रवाई...



### प्राचार्य बोले, वर्ष 2019 से कर रहे प्रयास, बार-बार लिखे जा रहे लेटर, लेकिन अभी तक समाधान नहीं

# तीन साल से चल रहा बीएएमएस कॉलेज, हॉस्टल तक नहीं, विरोध में दो दिन से धरने पर बैठे हैं छात्र-छात्राएं

राजकुमार ▶▶ नारनौल

राजकीय बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल पटीकरा में पिछले तीन सालों से कॉलेज तो चल रहा है और इसमें दूर-दराज के लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने एडमिशन ले रखे हैं, लेकिन इन छात्र-छात्राओं को रखने के लिए कॉलेज में हॉस्टल तक की सुविधा नहीं है। हॉस्टल चालू करें भी तो कैसे करें, इसकी बिल्डिंग तक तैयार नहीं की गई है। इस बिल्डिंग का कार्य वर्ष 2019 से महज फाइलों में दफन होकर रह गया है, जिस कारण बीएएमएस की पढ़ाई करके डाक्टर बनने के सपने संजोकर यहां आए छात्र-छात्राएं सिर छुपाने को दर-दर की ठोकरें खाने को विवश हो रहे हैं। यह कॉलेज शहर की आबादी से करीब चार किलोमीटर दूर होने के चलते कॉलेज से शहर आना-जाना भी आसान नहीं है और छात्र खासकरछात्राएं यहां आते-जाते खुद को असुरक्षित महसूस करती हैं। इसी के विरोध में सोमवार से छात्र-छात्राओं से कॉलेज परिसर में ही धरना शुरू कर दिया, जो दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा।

मंगलवार को कॉलेज के छात्रों ने शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन पर उनकी समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। छात्रों का कहना है कि कॉलेज की स्थापना को चार साल हो चुके हैं, लेकिन आज तक न तो हॉस्टल बना है और न ही कैंटीन शुरू हो पाई है, जिससे उन्हें गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कॉलेज के 2023 बैच के छात्र चेतन भारद्वाज ने बताया कि कॉलेज 2022 से संचालित हो रहा है, लेकिन हॉस्टल की कोई व्यवस्था नहीं है। मजबूरी में छात्रों को बाहर निजी पीजी या किराए के कमरों में रहना पड़ता है, जहां न तो सुरक्षा है और न ही खाने-पीने की उचित व्यवस्था है। उन समेत सभी छात्राओं ने विरोधस्वरूप नारेबाजी की और कहा पीजी में खाना अच्छी क्वालिटी का नहीं मिलता है, जिससे कई छात्र बीमार हो जाते हैं।



नारनौल। कॉलेज परिसर में धरने पर नारेबाजी करते बीएएमएस छात्र। फोटो : हरिभूमि

कई छात्रों ने किराए के कमरों रहने की भी कोशिश की, लेकिन किराया बहुत ज्यादा मांगते हैं। इससे उनको ही नहीं, उनके अभिभावकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। छात्रों ने खासतौर पर छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। कॉलेज शहर से बाहर सुनसान इलाके में स्थित है। छात्राओं का कहना है कि पीजी से कॉलेज आते-जाते रास्ते में कई बार छेड़छाड़ और आपत्तिजनक टिप्पणियों का सामना करना पड़ता है। 2025 बैच की छात्रा ने बताया कि कॉलेज आए अभी केवल तीन महीने हुए हैं और इस दौरान 5-6 बार बाइक सवारों द्वारा अभद्र टिप्पणियां की जा चुकी हैं।

हॉस्टल ही नहीं, यहां कैंटीन भी नहीं होने के कारण बाहर खाने जाना पड़ता है, जहां असहज हालात बन जाते हैं और कोई भी बाहर के लड़के उन्हें टारगेट करने लगते हैं। छात्रों का आरोप है कि जब वे अपनी मांगों को लेकर प्रशासन से सवाल करते हैं, तो उन्हें केवल फाइलें दिखाकर टाल दिया जाता है। कुछ छात्राओं ने आरोप लगाया कि विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रशासन ने उन्हें धरना हटाने की धमकी दी और अनावश्यक रूप से पुलिस बुला ली गई।

#### जल्द मिल सकती है कैंटीन

कैंटीन को लेकर प्राचार्य ने बताया कि इसका टेंडर ड्राफ्ट मंजूरी के लिए भेजा गया है और जल्द ही इसकी स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। यदि कैंटीन चालू हो जाए तो भी छात्रों को बड़ी राहत मिल सकती है।

#### यह कहते हैं प्राचार्य



हमारा मानना है कि हॉस्टल न होना छात्रों के लिए एक बड़ी समस्या है और इसे हल करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वैसे हमने एडमिशन के समय ही स्पष्ट कर दिया गया था कि फिलहाल हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध नहीं है। हॉस्टल निर्माण के लिए 2019 से प्रयास जारी हैं। चीफ आर्किटेक्ट द्वारा ड्राइंग तैयार की जा चुकी है और पीडब्ल्यूडी से रफ कॉस्ट एस्टिमेट भी तैयार करा लिया गया है। इसमें स्टाफ क्वार्टर, ऑडिटोरियम, ड्रग टेस्टिंग लैब, फार्मेसी और बड़े क्लासरूम आदि शामिल हैं। इसके लिए लगभग 150 करोड़ की आवश्यकता है। उम्मीद है कि बजट सत्र में फंड स्वीकृत हो जाएगा और टेंडर प्रक्रिया के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा।

*-श्रीनिवास गुज्जरवार, एमएस-कम-प्रिंसिपल आयुर्वेद कॉलेज, पटीकरा*

#### यह है इतिहास

प्रदेश के मुख्यमंत्री जब भूपेंद्र सिंह हुड्डा थे, तब स्वास्थ्य मंत्री नारनौल के विधायक राव नरेंद्र सिंह थे। उनके कार्यकाल में ही डेढ़ दशक पहले इस आयुर्वेद कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण की नींव रखी गई थी, लेकिन कभी पर्याप्त बजट नहीं मिलने तो कभी निर्माण कंपनी का विवाद होने से यह बिल्डिंग के निर्माण में काफी साल लग गए। वर्ष 2008 से लेकर 2017 तक बिल्डिंग का काम ही चलता रहा, कभी पीडब्ल्यूडी ने इसे टेकओवर करने में देर लगाई तो कभी अन्य कारण भी रहे। कुल मिलाकर जब एक दशक बाद यह बिल्डिंग प्रयोग में लाई गई तो सरकार ने कॉलेज से पहले तीन साल आयुर्वेद अस्पताल लगाने की कंडीशन लागू कर दी। फिर कोरोना महामारी आ गई और कॉलेज शुरू करने का कार्य फिर लटक गया। बाद में शिक्षा सत्र 2022-23 में यह कॉलेज 100 सीटों के साथ शुरू किया गया, लेकिन हॉस्टल नहीं होना रोड़ा बन रहा है।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से रेलकर्मी की मौत

**नारनौल।** सवेरे करीब पांच बजे पटरियों पर काम करते वक्त ट्रेन की चपेट में आने से एक रेलकर्मी की दर्दनाक मौत हो गई। जीआरपी ने आवश्यक कार्रवाई करने उपरांत शव का पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया। गांव खासपुर निवासी करीब 20 वर्षीय राहुल पुत्र महाबीर रेलवे में प्राइवेट कंपनी के अधीन नौकरी करता था और बतौर गैंगमैन उसकी ड्यूटी नारनौल से बाछौद के मध्य रेल पटरियों को चेक करने की लगी हुई थी। मंगलवार सवेरे धुंध का समय था। जब वह करीब पांच बजे पटरियों को चेक कर रहा था, तब अचानक धुंध में ट्रेन दिखाई नहीं दी और वह उसकी चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की जान गई

**कनीना।** रेवाड़ी बीकानेर रेल मार्ग पर गुढ़ा केमला रेलवे स्टेशन के सामने बीती रात्रि करीब साढ़े आठ बजे एक 25 वर्षीय युवक की रेल की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक प्लेटफार्म पर चहल कदमी कर रहा था। जहां उसका पैर फिसल गया, वह संभल पाता इस दौरान रेल ने अपनी चपेट में ले लिया। मृतक युवक की पहचान प्रवीन कुमार वासी गुढ़ा के रूप में हुई है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**नारनौल।** महेंद्रगढ़ रोड पर मंगलवार प्रातः करीब 11 बजे एक बाइक एवं ट्रैक्टर के बीच टक्कर हो गई, जिससे बाइक सवार करीब 23 वर्षीय शशि कुमार पुत्र स्वर्गीय लालाराम की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि शशि बाइक से कहीं जा रहा था और जब वह महेंद्रगढ़ रोड पर सिहार गांव के मोड़ के पास था, तब गांव के ही एक ट्रैक्टर चालक ने उसकी बाइक को गलत दिशा से आते हुए टक्कर मार दी, जिससे शशि की मौत हो गई। शशि बारबर का काम करता था और तीन बहनों का इकलौता भाई एवं विधवा मां का सहारा था। वह अविवाहित था।

### जिले के डाकघरों में आधार सेवाएं

**नारनौल।** जिले के डाकघरों में आधार सेवाओं के लिए समय निर्धारित किया गया है। इस संबंध डाकपाल ब्रह्मप्रकाश यादव में बताया जिले के डाकघरों में आधार कार्ड नामांकन एवं अद्यतन से संबंधित कार्य निर्धारित समय के अनुसार किए जाएंगे। जिसमें प्रधान डाकघर में आधार से संबंधित सभी कार्य प्रातः 10 बजे से सायं पांच बजे तक किए जाएंगे। इसी प्रकार मंडी अटेली, नांगल चौधरी, नांगल सिरोही, कनीना व महेंद्रगढ़ उप-डाकघरों में आधार सेवाएं प्रातः नौ बजे से सायं चार बजे तक उपलब्ध रहेंगी।

### निजामपुर थाना क्षेत्र के गांव तलोट में सोमवार रात को हुई वारदात

# लाठियों से पीट-पीटकर युवक की हत्या, मां घायल

*घर के बाहर आग ताप रहा था युवक, तभी किया हमला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नलवाटी क्षेत्र के गांव तलोट में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने बीच-बचाव करने आई युवक की मां के सिर में भी चोट मारी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। निजामपुर पुलिसने आरोपित युवकों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



मृतक हरीश जांगिड़

बीती रात्रि गांव तलोट में करीब 38 वर्षीय हरीश जांगिड़ नामक युवक घर के बाहर आग जलाकर बैठा था, तभी उस पर अन्य युवकों ने हमला कर दिया। यह वारदात दो परिवारों में आपसी रंजिश के चलते हुई। हमले में युवक हरीश को गंभीर चोटें लगी, जिस पर उसे नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की मां विद्या देवी को भी चोटें लगी हैं और वह अस्पताल में उपचाराधीन है। पुलिस ने शव का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम करवाकर उसे परिजनों को सौंप दिया। हरीश शादीशुदा नहीं था, लेकिन उसकी भाभी को उसकी चूड़ियां पहना रखी थी। वह बढ़ई एवं मजदूरी का काम करता था।



नारनौल। कागजी कार्रवाई करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

#### यह बोले प्रभारी

*इस संबंध में थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी उन्हें मिली थी, जहां मृतक की मां के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच जारी है तथा आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।*



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

#### मां ने दी शिकायत

*पुलिस को दी शिकायत में मृतक हरीश की मां विद्या देवी ने बताया कि बीती रात को जब वह अपने मकान के अंदर थी, तब उसका बेटा घर के सामने आग जलाकर बैठा हुआ था। इसी दौरान आरोपितों सुनील व अनूप सत्यनारायण, निशा, कांता व अनूप की पत्नी आदि ने उसके बेटे पर हमला कर दिया और उसको मारना-पीटना शुरू कर दिया। विद्या देवी ने आरोप लगाया कि जब वह अपने बेटे को छुड़ाने आगे बढ़ी, तो सत्यनारायण ने उस पर डंडे से वार कर दिया। हमले के बाद मां ने शोर मचाया तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। लोगों को देखते ही आरोपित भाग गए। वहीं परिजनों ने पुलिस को डायल 112 पर सूचना दी, जिस पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और मां-बेटे दोनों को सरकारी अस्पताल नारनौल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने हरिश को मृत घोषित कर दिया।*

#### पुलिस आई हरकत में

डॉयल 112 पहुंचने के बाद निजामपुर पुलिस भी हरकत में आई और अस्पताल में मौजूद एचसी प्रदीप व अन्य पुलिस कर्मी नारनौल अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने घायल की एमएलआर, मृतक का रुक्का तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज तैयार किए तथा सवेरा होने पर मंगलवार सुबह नागरिक अस्पताल से शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

#### मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**नारनौल।** निजामपुर थाना पुलिस ने गांव तलोट हत्या मामले में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस टीम ने गहनता से जांच की और छापेमारी करते हुए इस हत्याकांड में नामजद तीन आरोपी सुनील, अनूप, सत्यनारायण को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किए गए लाठी और डंडे भी बरामद कर लिए गए हैं। अब तक की पुलिस जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि आरोपियों ने आपस में हुई कहासुनी की रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया था। फिलहाल पुलिस की ओर से गिरफ्तार आरोपितों से सख्ती से पूछताछ की जा रही है।

#### पटवारियों की हड़ताल जारी

**कनीना।** हरियाणा में क्षतिपूर्ति पोर्टल पर गलत जानकारी अपलोड करने पर प्रदेश सरकार की ओर से बीते समय छह पटवारियों को निलंबित किया गया था। सरकार ने माना था कि पटवारियों ने फसल खराबा की एक ही फोटो पर कई बार अपलोड कर गलत वेरिफिकेशन की थी। जिसे लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री की ओर से कार्य में अनियमितताएं बरतने के आरोप में भू राजस्व विभाग के छह पटवारियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। इन पटवारियों को बहाल करने की मांग को लेकर तहसील के कानूनगो सर्किल धनौंदा व कनीना के सभी पटवारी एवं कानूनगो मंगलवार को दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। पटवार कानूनगो एसोसिएशन के प्रधान शमशेर सिंह ने कहा कि पटवारियों को बहाल नहीं किया गया, तो आंदोलन का मार्ग अपनाना पड़ेगा।

## पालड़ी पनिहारा में छह लोगों ने व्यक्ति पर फोड़ा पोटाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

थाना सदर के अंतर्गत आने वाले गांव पालड़ी पनिहारा में मेले के दौरान एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां स्टेडियम में मैच देख रहे एक युवक के पास कुछ युवकों ने जानबूझकर पोटाश से भरा 'दमौड़ा' (एक प्रकार का विस्फोटक उपकरण) फोड़ दिया। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि लोहे की पाइप फट गई और युवक की आंतें बाहर आ गईं। पुलिस ने इस मामले में छह लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता धर्मचंद निवासी पालड़ी पनिहारा ने पुलिस को बताया कि 30 जनवरी को गांव के बीआरडी स्टेडियम में क्रिकेट मैच चल रहे थे। जब वह बाउंड्री के पास घूम रहा था। तब गांव के ही सज्जन, अशोक, संजय, प्रवीन, संजय और कालू ने उसे अपने पास बुलाया और बैठने को कहा। जैसे ही धर्मचन्द वहां बैठा, आरोप है कि सज्जन ने पोटाश से ठोक-ठोक भरे दमौड़े को पेट के पास सटाकर फोड़ दिया।

#### जयपुर के अस्पताल में चल रहा इलाज

परिजनों के अनुसार हालत गंभीर होने के कारण धर्मचन्द को पहले नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल घायल का इलाज एसएमएस अस्पताल जयपुर में चल रहा है। पुलिस टीम ने जयपुर पहुंचकर घायल के बयान दर्ज किए। डॉक्टर के अनुसार, घायल के पेट पर गहरा जख्म हुआ है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपित सज्जन, अशोक, संजय, प्रवीन, संजय और कालू के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### झाड़ली हत्याकांड मामला

## पुलिस ने 24 घंटे में दबोचे दो आरोपी

*पूछताछ में हत्या कबूली, आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त लाठी-डंडे किए बरामद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

उपमंडल के गांव झाड़ली में रविवार रात्रि करीब नौ बजे मारपीट कर एक व्यक्ति का मर्डर करने के दो मुख्य आरोपितों को सदर थाना पुलिस ने 24 घंटे के अंदर काबू करने में सफलता हासिल की है। थाना इंचार्ज निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ व डीएसपी दिनेश कुमार के दिशानिर्देशन में कार्य करते हुए पुलिस टीम ने दोनों आरोपितों को खेड़ी के समीप से गुजर रहे एनएच 152 डी के नजदीक से काबू किया है। उन्होंने पुलिस पूछताछ में हत्या की बात कबूल की है। पुलिस ने आरोपितों से हत्या में प्रयुक्त किए गए लाठी, डंडे बरामद कर लिए है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपित राजकुमार व विनोद कुमार को मंगलवार को एसडीजेएम कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया।

इस बारे में मृतक के पुत्र कृष्ण कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनकी राजकुमार व विनोद से सालों पुरानी रंजिश चली आ रही है। फरवरी 2025 में भी राजकुमार ने उसके पिता अनिल कुमार व भाई धर्मेंद्र उर्फ बिट्टू से मारपीट कर उनके खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा के अंतर्गत पुलिस केस दर्ज करवाया था। उस केस में उसका पिता अनिल कुमार व भाई धर्मेंद्र जमानत पर गांव आए हुए थे। एक फरवरी को उसका पिता अनिल कुमार गांव में ही संजय के घर पर आयोजित कुआं पूजन समारोह की दावत पार्टी में गया हुआ था। जिसे एक व्यक्ति समारोह स्थल के अंदर से बाहर रास्ते में बुलाकर लाया। जहां राजकुमार, विनोद व विनोद की पत्नी भावना खड़ी थी। उन्होंने उसके पिता पर लाठी, डंडों से हमला बोल कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

कृष्ण कुमार व उसकी माता अनिता देवी घायल अनिल कुमार को उप नागरिक अस्पताल कनीना लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार कर पीजीआईएमएस रोहतक के लिए रेफर कर दिया। दो फरवरी को सुबह करीब एक बजे उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने सोमवार को शव का पंचनामा करवाकर परिजनों को सौंप दिया था। परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया।



कनीना। पुलिस गिरफ्तार में हत्यारोपित। फोटो : हरिभूमि

#### आरोपितों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

हादसे की सूचना मिलने पर डीएसपी दिनेश कुमार, थाना इंचार्ज निरीक्षक देवेंद्र सिंह सहित पुलिस के विशेष दस्ते एवं सीन ऑफ क्राइम टीम ने मौका निरीक्षण कर छानबीन की थी। पुलिस की तत्परता व सजगता से दो हत्यारोपितों को गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। कनीना सदर थाना इंचार्ज देवेंद्र सिंह ने बताया कि हत्या में संलिप्त दो मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। जहां से न्यायालय ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था को भंग करने व असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## फर्म्स एंड सोसायटीज के जिला रजिस्ट्रार सस्पेंड

*रजिस्ट्रार महेश कुमार की कार्यशैली को लेकर लगाए गंभीर आरोप*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

फर्म्स एंड सोसायटीज नारनौल के जिला रजिस्ट्रार महेश कुमार पर उच्चाधिकारियों ने सख्त कार्रवाई करते उन्हें निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई उच्च अधिकारियों के आदेश पर की गई है।

जानकारी के अनुसार जिले की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जिला रजिस्ट्रार महेश कुमार की कार्यशैली को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए राज्य के मंत्री अरविंद शर्मा एवं मंत्री राव नरबीर सिंह को लिखित शिकायत सौंपी थी। शिकायत में कार्यालयी कार्यों में अनियमितता, मनमानी रवैया अपनाने तथा नियमों की अनदेखी करने जैसे आरोप लगाए गए थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्चाधिकारियों द्वारा जांच की गई, जिसके बाद जिला रजिस्ट्रार महेश कुमार को सस्पेंड करने के आदेश जारी किए गए।

इस कार्रवाई के बाद जिले की विभिन्न संस्थाओं में चर्चा का माहौल बना हुआ है। सूत्रों के अनुसार आगे की जांच प्रक्रिया जारी है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### नप डीएमसी रणबीर सिंह व चेयरपर्सन कमलेश सैनी की अध्यक्षता में हुई अहम बैठक

## रेलवे अंडरपास में जमा पानी की समस्या के समाधान की तैयारी

हरिभूमि न्यज ▶▶ नारनौल

सीआईए रोड एवं महिला कॉलेज के पास बने रेलवे अंडरपासों समेत शहर के अन्य अंडरपासों में वर्षों से चली आ रही जलभराव की गंभीर समस्या से राहत दिलाने के लिए नगर परिषद ने कमर कस ली है। नप डीएमसी रणबीर सिंह और नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी की अध्यक्षता में नगर परिषद कार्यालय में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में म्यूनिसिपल इंजीनियर एवं जेई सहित तकनीकी अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान रेलवे अंडरपासों में जलभराव की वजह, तकनीकी कमियां और समाधान के संभावित विकल्पों पर विस्तृत चर्चा की गई।




नारनौल। मीटिंग करते नगर परिषद के डीएमएसी रणबीर सिंह एवं चेयरपर्सन कमलेश सैनी। फोटो : हरिभूमि

बैठक में डीएमसी रणबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर परिषद से जुड़ी हर समस्या को केवल फाइलों तक सीमित न रखें, बल्कि जनता की समस्या को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझते हुए समाधान की दिशा में काम करें। जब अधिकारी अपने घर की समस्या को गंभीरता से सुलझाते हैं, तो उसी भावना से शहर की समस्याओं का भी समाधान होना चाहिए। डीएमसी ने कहा कि रेलवे अंडरपासों में जलभराव की समस्या केवल नगर परिषद की ही नहीं, बल्कि रेलवे विभाग मुख्य रूप और सीधे तौर रेलवे विभाग की ही है। ऐसे में रेलवे विभाग के अधिकारियों के साथ तुरंत प्रभाव से समन्वय स्थापित कर पत्राचार, ई-मेल एवं औपचारिक संवाद शुरू किया जाए।

#### यह बोली नप चेयरपर्सन

नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने भी बैठक में कहा कि शहरवासियों को हर बारिश में जलभराव की समस्या से जूझना पड़ता है, जिससे न केवल यातायात प्रभावित होता है, बल्कि आमजन की सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाती है। नगर परिषद का उद्देश्य है कि इस समस्या का स्थायी और व्यवहारिक समाधान निकाला जाए, ताकि भविष्य में शहरवासियों को इस परेशानी का सामना न करना पड़े। नगर परिषद प्रशासन के इस सख्त और सक्रिय रुख के बाद शहरवासियों को उम्मीद है कि जल्द ही रेलवे अंडरपासों में जलभराव की समस्या इतिहास बन सकेगी और नारनौल को एक सुव्यवस्थित व सुरक्षित शहर के रूप में विकसित किया जा सकेगा।



# पहली बार सफेद बालों और मूछों में दिखे अनिल कपूर

**मुंबई।** अनिल कपूर बॉलीवुड के एवरग्रीन एक्टर कहे जाते हैं। 69 साल की उम्र में भी अनिल कपूर बेहद हैंडसम और फिट हैं। इस बीच अभिनेता अपने नए लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया है। सोशल मीडिया पर वह अक्सर फैंस के साथ अपने फिटनेस वीडियो भी शेयर करते हैं। हाल ही में अनिल कपूर ने अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया। उसमें वह सफेद बालों और मूछों में नजर आ रहे हैं और पोज दे रहे हैं। ये तस्वीर शेयर करते हुए अनिल कपूर ने कैप्शन में लिखा- 'कोई नहीं जानता.... आगे क्या होने वाला है।'

लाइफ Style

# तापसी एक बार फिर कोर्टरूम में



तापसी पन्नू एक बार फिर कोर्टरूम जॉनर में वापसी के लिए तैयार हैं। इस बार वह निर्देशक अनुभव सिन्हा के साथ आने वाली इन्वेस्टिगेटिव कोर्टरूम ड्रामा फिल्म अस्सी में नजर आएंगी। दमदार मोशन पोस्टर से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, निर्माताओं ने फिल्म को सीधे दर्शकों तक ले जाने की शुरुआत कर दी है और इसकी शुरुआत जयपुर में एक खास ऑन-ग्राउंड शोकेस से हुई।

एजेंसी ▶▶ जयपुर

फिल्म की अनोखी प्रमोशनल स्ट्रेटेजी के तहत, तापसी पन्नू ने जयपुर मीडिया के साथ एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस की, वहीं टीम ने साथ ही बड़े पर्दे पर अस्सी का ट्रेलर भी दिखाया। अभिनेत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ ट्रेलर देखा, पत्रकारों, फैंस और डिजिटल क्रिएटर्स से सीधे संवाद किया और फिल्म तथा उसके सशक्त विषय पर अपने विचार साझा किए। अस्सी के मोशन पोस्टर ने अपने सख्त टोन और तात्कालिक संदेश के कारण पहले ही काफी उत्सुकता पैदा कर दी थी, जिसने एक हार्ड-हिटिंग सिनेमैटिक अनुभव की मजबूत नींव रखी। जयपुर दौरे ने इस उत्साह को और बढ़ाया, जहां दर्शकों ने फिल्म के तीव्र कोर्टरूम माहौल और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कहानी को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। तेज रफ्तार इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर के रूप में पेश की जा रही अस्सी, एक बिल्कुल नए तरह के कोर्टरूम ड्रामा के जरिए आगे बढ़ती है, जो देश में रोज़ाना दर्ज होने वाले लगभग अस्सी यौन उत्पीड़न मामलों की भयावह सच्चाई से प्रेरित है। फिल्म को एक अर्जेंट वॉच के तौर पर पोज़िशन किया जा रहा है, जो मजबूत महिला नायिकाओं के नेतृत्व में सामाजिक रूप से प्रासंगिक कहानियों के लिए बढ़ती दर्शक रुचि को दर्शाता है।

## हॉलीवुड मसाला



# 'द डेविल वियर्स...' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** फरवरी 2026 की शुरुआत एक जबरदस्त खबर के साथ हुई है। साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द डेविल वियर्स प्रादा 2' का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 2006 की कल्ट क्लासिक फिल्म का यह सीक्वल करीब दो दशक बाद मेरिल स्ट्रीप, ऐनी हैथवे और एमिली ब्लंट की आइकॉनिक तिकड़ी को पर्दे पर वापस ला रहा है। ट्रेलर में, फैशन मैगज़ीन रनवे की एडिटर-इन-चीफ मिरांडा प्रीस्टली, मुश्किल में फंसे प्रिंट मीडिया सेक्टर में अपने एंटरप्राइज़ को फिर से ज़िंदा करने की कोशिश करेंगी।



# केट के बेटे एंडर्स ने रखा अभिनय की दुनिया में कदम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री केट विंसलेट के 22 वर्षीय बेटे जो एंडर्स भी अब अभिनय की दुनिया में कदम रख रहे हैं। जो एंडर्स के पिता केट के पूर्व पति सैम मेंडेस हैं। जो नई सीरीज 'केप फियर' में काम कर रहे हैं। केट ने बताया कि बेटे के इस दौर में वह उसे पूरा सहारा दे पा रही हैं। उन्होंने कहा कि उनका बेटा अभी उसी "री-एंट्री" के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में मां होने का एहसास फिर से बहुत गहराई से जाग जाता है। उन्होंने बताया कि वह बेटे को अच्छे खाने, सैर करने और आराम करने के लिए प्रेरित करती हैं। अगर बात करने का मन न हो या पूरा दिन बिस्तर में रहना चाहें, तो वह भी बिल्कुल ठीक है। केट का मानना है कि कभी-कभी कुछ न करना भी ठीक होता है और खुद को इसके लिए दोषी महसूस नहीं करना चाहिए।



# मैं कभी हार नहीं मानूंगी : पायल

**हैदराबाद।** साउथ फिल्म इंडस्ट्री की उभरती एक्ट्रेस पायल राजपूत ने अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी के साथ अपने मजबूत इरादे को जाहिर किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि वह कभी हार नहीं मानेंगी। पायल ने स्पष्ट किया कि इंडस्ट्री में कुछ लोग उन्हें एक्टिंग छोड़ने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे दृढ़ हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, वे चाहते हैं कि मैं छोड़ दूं, और मैं खुद से सवाल करती हूं कि क्या मुझे ऐसा करना चाहिए। लेकिन फिर मैं पिछले 12 सालों में की गई कड़ी मेहनत के बारे में सोचती हूं। इसलिए मैं खुद से कहती हूं नहीं, मैं फेल हो सकती हूं, लेकिन हार नहीं मानूंगी। पायल ने लिखा कि एक्टर बनना सबसे मुश्किल करियर में से एक है।




# 'धुरंधर-2' का धमाकेदार टीजर आउट...

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधरः द रिवेंज' का ऑफिशियल टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर का सोशल मीडिया पर धमाल देखने को मिला। पहले पार्ट की जबरदस्त सफलता के बाद यूजर्स इस सीक्वल के लिए उत्साहित नजर आए। टीजर करीब 1 मिनट 12 सेकंड लंबा है, जिसमें रणवीर सिंह का इंटेंस और खूंखार लुक सामने आया है। वह दो अलग-अलग किरदारों में नजर आ रहे हैं, जिसमें गोलीबारी, मारकाट और हाई-वोल्टेज एक्शन से भरपूर सीन हैं। टीजर की लाइन खास तौर पर चर्चा में है-"ये नया हिंदुस्तान है, घर में घुसेगा भी और मारेगा भी।" फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर ने पहले पार्ट की तरह ही इस सीक्वल में भी एक्शन, थ्रिलर और इमोशनल ड्रामा का शानदार मिश्रण किया है।


# नए गाने की तैयारी में जुटी

*मुंबई। भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह अपने प्रोजेक्ट और सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। अभिनेत्री ने नए गाने का संकेत देते हुए तस्वीर शेयर की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। इसमें वे हाथ में कप लिए हुए, कंडेसर माइक्रोफोन के सामने खड़ी दिख रही हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट कर लिखा, रोज थोड़ा बेहतर बनने और सीखने की कोशिश।" अक्षरा की तस्वीर देख फैंस नए प्रोजेक्ट आने का अंदाजा लगा रहे हैं। उनका कहना है कि यह किसी नए गाने या म्यूजिक प्रोजेक्ट का संकेत हो सकता है। अक्षरा का नाम भोजपुरी सिनेमा में उन अभिनेत्रियों में शुमार है, जिन्होंने अपनी एक्टिंग और गायिकी से लाखों दिल जीते हैं। उनके गाने दर्शकों के बीच खूब पसंद किए जाते हैं। वहीं, अभिनेत्री भी किसी खास मौके से पहले गाना जरूर रिलीज करती हैं। अभी हाल ही में अक्षरा का एक नया गाना 'बालम जी' रिलीज हुआ था और इसे दर्शक भी काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री ने साल 2010 में रवि किशन के साथ फिल्म 'सत्यमेव जयते' से शुरुआत की थी। अक्षरा 'बिग बॉस ओटीटी' समेत 'सर्विस वाली बहू', 'पोरस',*



# अपारशक्ति और तुलसी का गाना 'निक्की निक्की

*टी-सीरीज अपने प्रशंसकों के लिए अक्सर मजेदार गाने पेश करता रहता है। टी-सीरीज ने मंगलवार को अपने दर्शकों के लिए रोमांटिक सॉन्ग 'निक्की निक्की गल' रिलीज किया। इस गाने में एक बार फिर से अपारशक्ति खुराना और तुलसी कुमार की जुगलबंदी देखने को मिल रही है। गाने को दोनों ने मिलकर अपनी आवाज में गाया है और एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। वहीं, साक्षी रत्ती ने गाना लिखने के साथ इसका संगीत भी तैयार किया है।*



**मुंबई।** टी-सीरीज ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने की जानकारी देते हुए एक क्लिप शेयर की, जिसके साथ उन्होंने लिखा, थोड़ी सी नाराजगी पर बहुत सारा प्यार। 'निक्की निक्की गल' गाना अब रिलीज हो गया है। गाने की कहानी बहुत प्यारी है। इसमें छोटी-छोटी बातों पर होने वाली नाराजगी को प्यार से सुलझाने की बात पर जोर दिया गया है। अपारशक्ति खुराना गाने में तुलसी कुमार को प्यार भरे अंदाज में समझाते नजर आते हैं कि छोटी नाराजगी पर इतना गुस्सा

# फिल्मी दुनिया के शुरुआती दिन बेहद कठिन

**मुंबई।** फिल्मी दुनिया में कई कलाकार ऐसे होते हैं, जो कैमरे के सामने तो मजबूत दिखाई देते हैं, लेकिन उनके भीतर एक लड़ाई चल रही होती है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर 2' के जरिए चर्चा में आई अभिनेत्री मेधा राणा भी उन्हीं कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने अपने अंदर चल रहे सवालों, असमंजस और आत्मसंदेह की जंग को जीतकर अपने ऊपर भरोसा करना सीखा और इस मुकाम तक का सफर तय किया। उन्होंने अपने जीवन में आए बदलावों पर बात की। मेधा राणा ने कहा, 'साल 2022 से लेकर अब तक उनके भीतर सबसे बड़ा बदलाव आत्मस्वीकृति और आत्मविश्वास का रहा है। मेधा ने कहा, 'जब मैंने मनोरंजन जगत में काम करना शुरू किया, तो



# इंडस्ट्री में कोई किसी का फ्रेंड नहीं: शुभांगी

मुंबई। टेलीविजन की मशहूर शुभांगी अत्रे इन दिनों आगामी फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच अभिनेत्री ने इंडस्ट्री में फ्रेंडशिप को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। शुभांगी ने कहा कि इस इंडस्ट्री में कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है। शुभांगी ने कहा, देखिए, यहां पर कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है, क्योंकि यहां पर लोगों में कॉम्पीटिशन और एक दूसरे को लेकर इंसीक्योरिटी बहुत ज्यादा है। जब एक शो चलता है, तब आप बहुत अच्छे दोस्त होते हैं, लेकिन जैसे ही आप उस शो से निकलते हैं, वो रिश्ते पीछे छूट जाते हैं। फिर आप अपनी जिंदगी की एक नई यात्रा शुरू करते हैं। मुझे लगता है कि एक एक्टर होने की सबसे अच्छी बात ये है कि आप खुद को लगातार खोजते और समझते रहते हैं। शुभांगी ने कहा, इसलिए यहां बेस्ट फ्रेंड जैसा कोई कॉन्सेप्ट नहीं है। हां, इतना जरूर है कि जब तक हम साथ काम करते हैं, तब हम एक परिवार की तरह रहते हैं।



## भारतीय कलाकारों ने दिखाई मजबूत दावेदारी

# ग्रैमी अवॉर्ड में पुरस्कार से चूके भारतीय

*लॉस एंजिल्स। संगीत जगत के ऑस्कर के नाम से मशहूर ग्रैमी अवॉर्ड्स के 68वें सीजन का आयोजन लॉस एंजिल्स में हुआ। इस बार कई भारतीय कलाकारों ने अपनी मजबूत दावेदारी दिखाई। हालांकि, वे पुरस्कार पाने में असफल रहे। इस बार ग्रैमी में कोई भी भारतीय कलाकार जीत नहीं सका। हालांकि, भारत का ग्रैमी इतिहास गौरवशाली रहा है। पंडित रवि शंकर से लेकर उस्ताद जाकिर हुसैन तक कई महान कलाकारों ने यह सम्मान अपने नाम कर भारत का परचम लहराया है।*

### अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर रचा इतिहास

साल 2026 में भारतीय दावेदारों को जीत नहीं मिली, जबकि नामांकन सूची में तीन भारतीय नाम शामिल थे। पंडित रवि शंकर की बेटी और सितार वादक अनुष्का शंकर को ग्रैमी में दो नामांकन मिले थे। उनको सहयोगी ईपी चैप्टर आईआईआई वी रिटर्न टू लाइट को आलम खान और सरथी कोरवार के साथ बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक डेब्रेक को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में नॉमिनेशन मिला था। अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर इतिहास रचा, लेकिन दोनों श्रेणियों में वे जीत से चूक गईं।

### चारू सूरी का पहला नामाकंन

ग्रैमी नॉमिनेशन में इंडो-अमेरिकी जैज पियानिस्ट चारू सूरी का नाम भी शामिल रहा। उन्होंने पहली बार नामांकन हासिल किया। उनका एल्बम श्यान बेस्ट कंटेम्परेरी इंस्ट्रुमेंटल एल्बम में शामिल था। इसके साथ ही फ्यूजन बैंड शक्ति (शंकर महादेवन, जॉन मैकलॉघलिन, गणेश राजगोपालन और वी. सेल्वागणेश के बैंड) को दो नामांकन मिले। उनका लाइव एल्बम माइंड एक्सप्लोसन बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक शेरनी ड्रीम बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में था। शक्ति ने पहले भी ग्रैमी जीते हैं, लेकिन इस बार सफलता नहीं मिली।



### भारतीय संगीत की बढ़ती ताकत

सिद्धांत भाटिया का एल्बम साउंड ऑफ महाकुंभ भी बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में नामांकित था, जो

## खबर संक्षेप

### सरस्वती स्कूल में हुआ पुरस्कार वितरण समारोह

**नारनौल।** सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर स्वामी दिनेशानंद महाराज (काकरोली धाम) थे। जिन्होंने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि पर पुरस्कृत किया और अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस दौरान विद्यालय के संचालक मुकेश शर्मा, प्रबंधक लोकेश शर्मा, प्राचार्या क्षमा पाण्डेय व समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों की अनुपस्थिति पर कॉलेज प्रशासन सख्त

**नांगल चौधरी।** समेस्टर परीक्षा संपन्न हो चुकी तथा कक्षाएं सुचारू रूप से लगनी आरंभ हो गई हैं, लेकिन अधिकांश विद्यार्थी उपस्थित दर्ज नहीं करवा रहे हैं। जिससे शैक्षणिक व्यवस्था बाधित बनी हुई है। अनुपस्थिति रिपोर्ट पर कॉलेज प्रशासन ने कड़ा संज्ञान लिया है तथा विद्यार्थियों को नियमित रूप से कक्षाएं अटैंड करने की हिदायत दी है। अन्यथा सात दिन उपरांत दाखिले को निलंबित करके परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा। शहीद मेजर सतीश दहिया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल यादव ने बताया कि जनवरी महीने में समेस्टर व प्रायोगिक परीक्षाएं संपन्न हुई हैं। सभी विषयों की कक्षाएं नियमित लगने के साथ विद्यार्थियों की हाजिरी भी दर्ज हो रही हैं। अनुपस्थित विद्यार्थियों को मोबाइल पर सूचना भेज दी।

## स्वर्गीय शक्ति पहलवान की याद में गादली धाम मंदिर के खेल मैदान में द्वितीय कुश्ती दंगल आयोजित

# 51 हजार रुपये की कुश्ती में रेशम बाघोत ने जितेंद्र सोहना को हराया

*दंगल में निर्णायक की भूमिका अंतरराष्ट्रीय कोच सुभाष कटेरा ने निभाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव खैरोली में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय स्वर्गीय शक्ति पहलवान खैरोली की याद में एसपी ग्रुप खैरोली फाउंडेशन द्वारा गादली धाम मंदिर के खेल मैदान में द्वितीय कुश्ती दंगल आयोजित किया गया। एसपी ग्रुप सदस्य प्रेमप्रकाश उर्फ धीरूभाई खातौद द्वारा 51 हजार रुपये की कुश्ती का हाथ मिलवाकर अंतरराष्ट्रीय पहलवान शक्ति को सच्ची श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के संयोजक शक्ति सिंह के छोटे भाई अंतरराष्ट्रीय पहलवान विक्रम सिंह रहे। सोसायटी के उपमंडल कोऑर्डिनेटर राजेश शर्मा झाड़ली ने बताया कि देहाती क्षेत्र में बहुत बड़ा कुश्ती दंगल का आयोजन करवाया गया। अंतरराष्ट्रीय पहलवान शक्ति सिंह की यादगार में 51 से लेकर 51 हजार रुपये का कुश्ती दंगल का आयोजन करवाया गया, ताकि देहाती क्षेत्र के युवा अपने हुनर का जोहर दिखा सके। पूरे प्रदेश से अंतरराष्ट्रीय पहलवान इस दंगल में पहुंचते हैं। कुश्ती में 51 हजार रुपये की कुश्ती में रेशम बाघोत ने जितेंद्र सोहना को हराया।



महेंद्रगढ़। विजेता पहलवान को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पहलवानों को किया सम्मानित

एसपी ग्रुप के सदस्य अंतरराष्ट्रीय पहलवान विक्रम सिंह शक्ति सिंह के छोटे भाई ने पहलवानों व कोच का पगड़ी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने पहलवानों को फल वितरित किए। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में उनकी तीसरी पुण्यतिथि पर ग्रुप द्वारा लाखों रुपये की कुश्ती आयोजित की जाएगी। दंगल में निर्णायक की भूमिका अंतर्राष्ट्रीय कोच सुभाष कटेरा द्वारा निभाई गई।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर मंदिर के महंत गणेश दास महाराज, धर्मपाल ठेकेदार खैरोली, भीम बाघोत, धर्मवीर पहलवान खैरोली, सोमदत्त खैरोली, बिल्लू, बलराम खैरोली, मनोज मास्टर, रतन खैरोली, युवा सरपंच दीक्षांत खैरोली, एनी पहलवान एवं जॉनी समाजसेवी निंबी आदि मौजूद रहे।

### अनिल बाघोत ने जीती 31 हजार रुपये की कुश्ती

31 हजार रुपये की कुश्ती प्रवीण महाकाल अखाड़ा रोहतक और राहुल तिरपड़ी के बीच बराबर पर रही। 31 हजार रुपये की ही कुश्ती में अनिल बाघोत ने हैप्पी बापड़ोली को हराया। इसके अलावा 21 हजार रुपये की कुश्ती गुड्डू सांसरोली ने मनदीप जैलाफ को हराया। 21 हजार रुपये की दूसरी कुश्ती में राहुल फौजी महाकाल अखाड़ा रोहतक ने साहिल कैप्टन जोरा सिंह अखाड़ा को हराया। इसी प्रकार 11 हजार रुपये एक, 7100 की पांच व 5100 रुपये तक की कुश्तियां करवाई गई।



नांगल चौधरी। फाइनल मुकाबले में विजेता टीम को सम्मानित करते सुधीर चौधरी। फोटो : हरिभूमि

### नोलायजा टीम को पराजित करके सराय राजस्थान टीम ने जीता फाइनल

**नांगल चौधरी।** नोलायजा में डांगी क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न हो गई। समापन समारोह में समाजसेवी सुधीर चौधरी मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने विजेता टीमों को नकद पुरस्कार व ट्रॉफी देकर सम्मनित किया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों को प्रदर्शन में निखार लाने के लिए प्रेरित किया। इसके लिए निरंतर अभ्यास को दैनिक दिनचर्या में शामिल करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 36 टीमों ने पंजीकरण कराया था। दो ग्रुपों के लीग मैचों में नोलाजा, सराय राजस्थान, ढाणी जोगियां तथा कालबा टीम ने सेमीफानल में स्थान बनाया। जिसमें नोलायजा व सराय राजस्थान ने जीत हासिल करके फाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता के अंतिम मुकाबले में नोलायजा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, लेकिन टीम का यह फैसला दूसरे ही ओवर में गलत साबित हो गया, क्योंकि तीन खिलाड़ी 13 रन बनाकर पवैलियन लौट गए थे। इसके बाद मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने संभलकर खेलना आरंभ किया तथा 82 रनों की सांझेदारी बनाकर टीम को संकट से उभार लिया। टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में सात विकेट खोकर 130 रन बनाए। टारगेट का पीछा करने मैदान में उतरी सराय राजस्थान की शुरूआत आक्रमक रही। दोनों ओपनर खिलाड़ियों ने चार ओवरों में 63 रन बनाकर करारा जबाब दिया। मध्यक्रम के तीन खिलाड़ी 17 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन इसके बाद खिलाड़ियों ने संभलकर खेला तथा एक ओवर शेष रहते हुए आठ विकेट खोकर 131 रन बनाकर फाइनल मुकाबला जीत लिया। समापन समारोह में रामस्वरूप डांगी, विक्रम होलदार, राजवीर डांगी हवलदार, पार्षद सतपाल, जितेंद्र डांगी, प्रधान संदीप डांगी, अमित डांगी, गौतम नंबरदार आदि मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### आर्यभट्ट गणित चैलेंज में शीर्ष रहने पर छात्र सम्मानित

**महेंद्रगढ़।** बीआर आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेहलंग में पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सीबीएसई द्वारा आयोजित आर्यभट्ट गणित चैलेंज में विद्यालय के कक्षा 10वीं के तीन विद्यार्थी निकिता सेहलंग, अंजलि आकोदा तथा चाहत पोता द्वारा देश के शीर्ष 100 विद्यार्थियों में स्थान प्राप्त करने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में हाल ही में आयोजित खंड स्तरीय लीगल लिटरेसी क्लब प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं की छात्रा चाहत ने पेंटिंग में प्रथम स्थान तथा अंजलि ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में कक्षा चौथी के विद्यार्थी पंकज, निहिर तथा भाविक ने गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन प्राप्त किया। वहीं खंड स्तरीय गणतंत्र दिवस पर सरकारी महाविद्यालय कनीना में विद्यालय की हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड टीम द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर एसडीएम जितेंद्र सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। चेयरमैन हरिश भारद्वाज ने कहा कि यहां के विद्यार्थी हर क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

# राष्ट्र प्रथम रखने से भारत बनेगा विश्व गुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल में युवा एंड सेवा फाउंडेशन द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की स्मृति में संत शिरोमणी रविदास महाराज की जयंती पर जिले के अनुसूचित जाति के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम ओोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश अग्रवाल रहे। उन्होंने कहा कि देश ने हमें बहुत कुछ दिया है, भारत के ऊपर ईश्वर की बहुत बड़ी कृपा है। यहा कि भौगोलिक स्थिति तथा ऋतु परिवर्तन अन्य देशों की तुलना में बहुत ही बेहतरीन है। उन्होंने कहा है कि राष्ट्र प्रथम का भाव रखकर ही हम भारत को विकसित भारत तथा पुनः विश्व गुरु बनाने के सपने को साकार कर सकते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को विकसित भारत के दौड़ में चलाए जा रहे अभियान के तहत मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया जैसे अभियान के बारे में जानकारी दी। प्रांत संगठन मंत्री संजय कस्वां कहा कि भारत सदैव से एक रहा है। हमारे यहां जातिवाद का कभी कोई उदाहरण नहीं रहा है।




महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### वन लाइफ, वन मिशन पर करना चाहिए काम

उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं को वन लाइफ, वन मिशन पर काम करना चाहिए तथा उन्होंने फोन के स्क्रीन से ध्यान हटाकर सामूहिक गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। चेयरमैन सुनील कुमार कहा कि उनका विद्यालय क्षेत्र के विद्यार्थियों को समुत्कर्ष के माध्यम से विद्यार्थियों कुछ देना सिखे ऐसे भाव विद्यार्थियों में जगा रहा है। इस मौके पर एसडी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट चेयरमैन जगदेव यादव, प्रोफेसर नंद किशोरी, मुकेश, राहुल वर्मा, डॉ. दिनेश उपाध्याय, प्रदीप सरपंच मुड़ायन, सरपंच बेवल योगेंद्र, डॉ. सुनील अग्रवाल उपस्थित रहे।



नारनौल। ओलम्पियाड में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### दा वेदांता स्कूल के विद्यार्थियों ने पाई ओलम्पियाड में सफलता

**नारनौल।** दा वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि विद्यार्थियों ने सिल्वर जोन ओलम्पियाड में शानदार सफलता प्राप्त की है। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के कुल 15 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है। जिनमें राव्या, खुशी, प्रणवी, तेजस, कैटलीन, प्रणव, चार्विक इंदुबाला ने गोल्ड मेडल, राव्या, मिनल, नमन व गीतांक ने सिल्वर मेडल तथा आराध्या, अभी, अंशुमन ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए। प्रथम स्तर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के विद्यार्थियों का चयन सेकंड लेवल के लिए किया गया। सेकंड लेवल के लिए चयनित विद्यार्थियों में गीतांक व इंदुबाला कक्षा आठवीं, राव्या कक्षा दूसरी, खुशी कक्षा तीसरी शामिल हैं। विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी निरंतर मेहनत, वैज्ञानिक सोच व शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का प्रतिफल है। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार यादव, प्रधानाचार्य अनिल मुखिजा व समस्त शिक्षकगण ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

# कानूनी साक्षरता व डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता में आरआरसीएम का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरआरसीएम पब्लिक स्कूल कनीना के विद्यार्थियों ने खंड स्तर पर आयोजित कानूनी साक्षरता एवं डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत स्लोगन लेखन और डॉक्यूमेंट्री निर्माण जैसी अनेक रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। उल्लेखनीय है कि यह प्रतियोगिता पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना में आयोजित की गई थी। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में छात्रों ने कानून सबके लिए समान, अधिकार जानो, सुरक्षित रहो जैसे प्रभावशाली नारों के माध्यम से कानूनी जागरूकता का संदेश दिया। वहीं डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बाल अधिकार, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा और मौलिक अधिकारों जैसे विषयों पर ज्ञानवर्धक लघु फिल्में प्रस्तुत की। इस प्रतियोगिता में कानूनी साक्षरता गतिविधी के अंतर्गत पेंटिंग में छात्रा राधिका ने दूसरा, स्लोगन लेखन में छात्रा योजना ने तीसरा एवं छात्रा मनीता ने डॉक्यूमेंट्री निर्माण में दूसरा स्थान प्राप्त कर आपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।



महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में विजेता बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### यूथ कांग्रेस गांवों में लगाएगी शिविर

**नांगल चौधरी।** जिला युवा कांग्रेस सात फरवरी से गांवों में शिविर लगाकर पात्र बुजुर्गों व विधवा महिलाओं की पेंशन के ऑनलाइन आवेदन करेगी। इसके लिए बुजुर्गों को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे, साथ ही लाभार्थी बुजुर्गों की समस्याएं सुनी जाएंगी। जिला प्रधान पुनित बुलान ने बताया कि सरकार ने बुढ़ापा पेंशन के लिए 60 साल आयु निर्धारित कर रखी है, लेकिन कागजी प्रक्रिया को सरल नहीं किया, जिस कारण ग्रामीण बुजुर्गों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। परिवार पहचान पत्र में गलत इनकम या छोटी आयु दर्ज होने के कारण गांव वाइज दर्जनों बुजुर्ग इधर उधर भटकने को मजबूर हैं। आधार कार्ड की त्रुटी को दुरुस्त कराने के लिए महीने भर सरल केंद्र पर चककर काट रहे हैं। जहां हजारों खर्च करने के बावजूद स्थिति यथावत बनी हुई है।

# सिंघानिया विश्वविद्यालय में नेशनल फेडरेशन कप का हुआ उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पचेरी बड़ी स्थित सिंघानिया विश्वविद्यालय के मारवाड़ इंडोर एरीना में पैरा थ्रोबॉल नेशनल फेडरेशन कप 2026 सह ट्रायल सेलेक्शन द्वितीय एशियन पैरा थ्रोबॉल चैंपियनशिप का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन पैरा थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया जा रहा है, जिसकी मेजबानी सिंघानिया विश्वविद्यालय कर रहा है।

उद्घाटन समारोह का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत, हाई-टी, पौधारोपण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सभी अतिथियों को शॉल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। सिंघानिया विश्वविद्यालय प्रेजिडेंट डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि सिंघानिया विश्वविद्यालय खेलों के क्षेत्र में खिलाड़ियों को हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।




नारनौल। अतिथियों का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### दिव्यांग खिलाड़ी किसी से कम नहीं

गेस्ट ऑफ ऑनर अल्बर्ट प्रेम कुमार ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ी किसी से कम नहीं हैं। नॉबल एजुकेशन ग्रुप डायरेक्टर डॉ. संदीप नेहरा ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए ऐसे प्रेरणादायी मंच के आयोजन को सराहनीय बताया। प्रतियोगिता में 300 से अधिक पैरा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह के पश्चात पहला मुकाबला राजस्थान एवं आंध्र प्रदेश की टीम के बीच खेला गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अधिवक्ता विजय हिन्द जालिमपुरा ने किया। भीम अवार्डी एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ज्ञानेंद्र गहांगस, पैरा लॉन बॉल्स फेडरेशन महासचिव चरण सिंह, भीम अवार्डी एवं द्रोणाचार्य अवार्डी सुखबीर थॉकस तथा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मनीषा कादयान को उनके उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धियों के लिए मंच पर सम्मानित किया।

### शिक्षा जगत ही नहीं, हर वर्ग के लिए सुरेश शास्त्री प्रेरणाः यादव

**महेंद्रगढ़।** पूर्व विधायक सीताराम यादव ने कहा कि शिक्षाविद् सुरेश शास्त्री ने अपने जीवन की साधना को शिक्षा के माध्यम से समाज तक पहुंचाया है। पैतृक गांव झाड़ली ब्राह्मणों वाली से आरंभ हुआ, उनका यह प्रेरक सफर भिवानी और महेंद्रगढ़ के शिक्षा जगत में एक सशक्त पहचान बन चुका है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने जासावास में दो वर्ष दो माह पीजीटी संस्कृत तथा बलाना में भी दो वर्ष 2 माह सेवा प्रदान की। 28 वर्षों के दीर्घ शिक्षण अनुभव में उनका सर्वाधिक समय लगभग 19 वर्ष डुलाना में टीजीटी संस्कृत के पद पर व्यतीत हुआ, जो उनकी निरंतरता और समर्पण का साक्ष्य है। इस मौके पर विद्यार्थियों व शिक्षकों ने सुरेश शास्त्री को भाव पूर्ण विदाई दी है।

## एससीईआरटी गुरुग्राम में 53वीं राज्यस्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी आयोजित

# मूसनौता स्कूल का छात्र युवराज विज्ञान प्रदर्शनी में रहा द्वितीय

*मेधावी छात्र के स्कूल पहुंचने पर एसएमसी ने प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

एससीईआरटी गुरुग्राम में आयोजित 53वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मूसनौता के छात्र युवराज ने प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त करके ब्लॉक व स्कूल का गौरव बढ़ाया है। मेधावी छात्र के स्कूल पहुंचने पर एसएमसी ने अभिनंदन किया तथा प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया है। कार्यक्रम में बीईओ विकास जयदीप मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मनोज शर्मा ने की।



नांगल चौधरी। मेधावी छात्र युवराज को सम्मानित करती एसएमसी व स्कूल प्रशासन। फोटो : हरिभूमि

### 200 विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए मॉडल

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एससीईआरटी गुरुग्राम की ओर से हर साल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। सोमवार को संपन्न हुई प्रतियोगिता में प्रदेश की विभिन्न स्कूलों के 200 विद्यार्थियों ने साइंस तकनीक पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र युवराज ने कृषि की आधुनिक तकनीक से जुड़ा मॉडल प्रस्तुत किया। उन्होंने मॉडल की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परंपरागत खेती की मार्केटिंग करना जटिल होता है। इसलिए सरकार ने बागवानी को प्राथमिकता देने की मुहिम चलाई है, लेकिन इस खेती के साथ किसान सब्जी की फसलें उगा सकते हैं। एक फसल की सिंचाई से दूसरी फसल भी लाभावित हो सकेगी। इस तकनीक का इस्तेमाल करके डॉर्कजोन के किसान पैदावार व आमदनी बढ़ा सकते हैं। कमेटी ने कृषि मॉडल को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया है। कार्यक्रम में विज्ञान शिक्षिका मुनेश यादव को कुशल मार्गदर्शन करने पर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व प्राचार्य अजय कुमार, एसएमसी प्रधान शीशराम चंदेला सहित शिक्षक स्टॉफ व अभिभावक मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, प्रदीप कुमार (Pardeep Kumar) पुत्र श्री प्रहलाद सिंह निवासी गांव रसूलपुर, तहसील कनीना, जिला महेन्द्रगढ़, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी पुत्री पायल (Payal) के स्कूल रिकार्ड में पिता का नाम प्रदीप (Pardeep) लिखा गया है, जबकि पायल (Payal) के आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम प्रदीप कुमार (Pardeep Kumar) लिखा गया है। पायल (Payal) के स्कूल रिकार्ड में मेरा नाम प्रदीप (Pardeep) के स्थान पर प्रदीप कुमार (Pardeep Kumar) दर्ज किया जाए।

**सूचना**

मैं, जयपाल पुत्र श्री जगमाल निवासी डालनवास, उपतहसील सतनाली, जिला महेन्द्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सूर्यप्रकाश मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### नंदलाल यादव बने कांग्रेस जिला महासचिव



**नांगल चौधरी।** भोजावास निवासी पूर्व जिला पार्षद नंदलाल यादव को जिला कांग्रेस में महासचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई है। जिसके गांव पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया तथा संगठन को संगठित करने की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया। एडवोकेट नरेश यादव, सूरत सिंह भल्ला, रमेश नंबरदार, बिक्रम सिंह, प्रहलाद पहलवान ने कहा कि नंदलाल यादव की विचारधारा कांग्रेसी रही है। उनको संगठन में जिम्मेवारी मिलने से युवाओं में उत्साह है। उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह व जिला प्रधान सतबीर झूकिया का आभार जताया। कहा कि पुराने कांग्रेसियों को सम्मान मिलने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। जल्द ही हलका स्तरीय कार्यकर्ता बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा।

### वरिष्ठ नागरिकों की मासिक बैठक 8 को

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन के संयुक्त सचिव प्रो. शिवहरि अग्रवाल ने बताया कि संगठन की मासिक बैठक 8 फरवरी को सुबह 11 बजे किला रोड स्थित संगठन कार्यालय में आयोजित की जाएगी। प्रधान दुलीचन्द शर्मा अध्यक्षता करेंगे। इसमें वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के साथ-साथ शहर की ज्वलंत समस्याओ पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### सफर सृष्टि का ग्रंथ का विमोचन 1 मार्च को

**नारनौल।** राधेश्याम गोमला की ओर से लिखित विज्ञान पुरातत्व प्रागैतिहास वैदिक संस्कृति व सामाजिक प्रमाणों से भरपूर एक तथ्यपरक ग्रंथ 'सफर सृष्टि का' का विमोचन एक मार्च को किया जाएगा। इस बारे जानकारी देते हुए प्रकाशक डॉ. अशोक कुमार मंगलेश ने बताया कि पुस्तक सफर सृष्टि का केवल विज्ञान, इतिहास या दर्शन की ही पुस्तक नहीं है, बल्कि यह सृष्टि से मानव तक और मानव से आत्मबोध तक की एक समग्र, विचारोत्तेजक और क्रमबद्ध यात्रा है, जो आधुनिक वैज्ञानिक खोजों और प्राचीन ज्ञान परंपराओं के बीच एक सशक्त सेतु बनाती है।

# महेंद्रगढ़ शहर में आवारा सांडों का आतंक, हर चौक-चौराहे पर खड़े रहते हैं, लोगों को उठानी पड़ रही भारी परेशानी

**लोगों ने प्रशासन से सांडों के आंतक से निजात दिलाए जाने की मांग की**

- बाजार में आवारा जानवार वाहनों में भी करते है नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर में आवारा सांडों के बढ़ते आतंक से लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। शहर में सीएसडी कैंटीन, सब्जी मंडी, मौहल्ला खोजावाड़ा, मसानी चौक, विश्वकर्मा चौक आदि चौराहों पर आए दिन सांडों की धींगामस्ती लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। कई बार तो सांड लड़कर लोगों को चोटिल तक कर देते हैं, वहीं रेहड़ी आदि के सामान को बिखरा देते हैं।



**महेंद्रगढ़।** शहर के एक मोहल्ले में खड़े सांड। फोटो : हरिभूमि

लोगों ने प्रशासन से सांडों के आंतक से निजात दिलाए जाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि आवारा सांड जानवरों के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाजार में आवारा जानवार वाहनों में भी नुकसान करते है। जिसके बारे में कई लोगों ने नगर पालिका प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन इस बारे में पालिका प्रशासन द्वारा अभी तक कोई कदम नहीं उठाया है।

#### गोशालाओं से संपर्क

*नगर को आवारा पशुओं से मुक्त करने के लिए अभियान सभी गोशालाओं से संपर्क कर दोबारा से शुरू किया जा रहा है। इस बार नगर पालिका द्वारा पूरे शहर को आवारा सांड से मुक्त किया जाएंगा, ताकि लोगों को परेशानी न उठानी पड़े।*

#### नपा के पास नहीं कोई योजना

पशुओं के आतंक पर रोक लगाने के लिए नगर पालिका के पास कोई ठोस योजना नहीं है। हालांकि नगर पालिका द्वारा कुछ दिन पहले सांड पकड़ने का टेंडर दिया गया था, लेकिन वह भी ज्यादा दिन तक नहीं हो सका। शहर के बाजारों में भारी संख्या में आवारा पशु व सांड घूमते देखे जा सकते है। ये पशु दुकानों पर रखे सामान को मुंह से गिराना शुरू कर देते हैं। इसके अलावा परचून विक्रेताओं की दुकानों से भी सामान को मुंह में भरना शुरू कर देते है। यदि कोई दुकानदार इन पशुओं को भगाने का प्रयास करता है, तो उस पर हमला भी बोल देते हैं। व्यापारियों ने बताया कि आए दिन ये पशु आपस में लड़ पड़ते हैं तथा दुकानों के बाहर खड़े वाहनों पर गिर पड़ते हैं।

### आज होंगे शुक्र उदय, मांगलिक कार्यों की होगी शुरुआत

**महेंद्रगढ़।** अबकी बार मलमास हटने के बाद भी विवाह-शादियों के लिए लोगों को काफी इंतजार करना पड़ा है। इसका मुख्य कारण रहा है शुक्र ग्रह (तारे) का अस्त होना। आज से मांगलिक कार्यों पर लगा विराम हटेगा। विवाह शादियों का सिलसिला शुरू हो जाएगा और बैंड बाजा शहनाइयों की गूंज सुनने को मिलेगी। ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि शुक्र ग्रह को प्रेम, विवाह, सौंदर्य और वैवाहिक सुख का कारक माना जाता है। जब शुक्र अस्त होते हैं, तो विवाह और अन्य शुभ कार्यों पर रोक लग जाती है। इस कारण किसी भी शुभ और मांगलिक कार्यों के लिए शुक्र ग्रह का उदय रहना बहुत ही जरूरी है। चार फरवरी को सुबह 10:28 बजे पश्चिम दिशा में उदय होंगे। इनके उदय होते ही शादी-विवाह, सगाई, गृहप्रवेश, जनेऊ, मुंडन आदि शुभ कार्यों की शुरुआत हो जाएगी। 10,13,19,20 फरवरी को शुभ मुहूर्त रहेंगे। इसके अलावा मार्च माह में 9, 11, 12 तक रहेंगे।

**ग्राम पंचायत कुतबापुर का है मामला**

# पंचायत के गबन की जांच होने पर भी कार्रवाई नहीं करने का लगाया आरोप

- ग्रामीणों ने सरपंच पर लगाया हुआ है फर्जी बिलों के आधार पर सरकारी अमानत में ख्यानत का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

कुतबापुर निवासी अरविंद, महासिंह, धीरज एवं भाजपा के मंडल अध्यक्ष मनोज यादव आदि ने एंटी करप्शन ब्यूरो गुरुग्राम एवं जिले के प्रशासनिक अधिकारियों पर गांव की सरपंच पर लगाए गए गबन के आरोपों की जांच होने उपरांत भी केस दर्ज कर उचित कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जांच रिपोर्ट आए लगभग एक महीना हो गया है, जिसमें सरकारी अमानत में ख्यानत होना पाया गया है, लेकिन आरोपितों पर केस दर्ज करके कार्रवाई नहीं की जा रही। उक्त ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने पहली बार 12 अप्रैल 2025 को एसीबी गुरुग्राम को शिकायत दी थी। इसके अलावा एक-एक शिकायत डीसी नारनौल एवं पंचायत विभाग के डायरेक्टर चंडीगढ़ को भी शिकायत प्रेषित की थी। डायरेक्टर ने इस शिकायत को सतर्कता अधिकारी चंडीगढ़ की सेवा में अग्रिम कार्रवाई हेतु भेजी थी। इसके बाद मुख्य सतर्कता अधिकारी चंडीगढ़ कार्यालय ने जांच पंचायती राज के अधीक्षक अभियंता संबंधित सतर्कता एवं चौकसी सैल गुरुग्राम से करवाई। उनकी शिकायत की जांच रिपोर्ट गत 16 जनवरी को संबंधित अधिकारियों को जारी की जा चुकी है, लेकिन कमाल की बात है कि अब 20 दिन बीतने के बावजूद भी इस जांच पर कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। वे इस मुद्दे को गत 25 दिसंबर को ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग में चेयरमैन एवं मंत्री अरविंद शर्मा के सम्मुख भी प्रस्तुत करते हुए कार्रवाई करने की मांग कर चुके हैं।



**नारनौल।** गांव कुताबपुर में बना कम्यूनिटी हॉल। फोटो : हरिभूमि

#### यह बोले सरपंच प्रतिनिधि

*महिला सरपंच मनोज देवी के पति बलराज यादव (सरपंच प्रतिनिधि) ने बताया कि कुछ ग्रामीणों ने हमारी शिकायत की हुई है। शिकायत एकदम झूठी है। हमने कोई किसी प्रकार का गबन नहीं किया हुआ है। जो शिकायत है, उसकी अभी जांच चल रही है। जिसका कोई निष्कर्ष भी नहीं निकला है। न ही हमें कोई जांच रिपोर्ट या नोटिस प्राप्त हुआ है, जिसके बारे में कुछ बताया जा सके।*

#### रिपोर्ट आए हो गए 15 दिन

*उक्त ग्रामीण शिकायतकर्ताओं ने बताया कि जांच अधिकारी द्वारा रिपोर्ट को सभी संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को प्रेषित करने उपरांत भी करीब 20 दिन बीत चुके हैं, लेकिन सरपंच पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। उन्होंने बताया कि एकतरफ सरकार एवं प्रशासन द्वारा जीरो टोलरेंस की बात की जाती है, वहीं इस मामले में जांच होने के बावजूद त्वरित कार्रवाई नहीं की जा रही।*

#### यह लगाए हैं आरोप

ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि गांव की महिला सरपंच मनोज देवी का पति बलराज यादव उसके सारे काम देखता है और पंचायत को भी वही संभालता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरपंच ने गांव की स्ट्रीट लाइटों, पंप मोटर रिपेयर, आरओ रिपेयर, कूड़ा उठान एवं सफाई, टीनशेड निर्माण, स्ट्रीट आईपीबी स्टॉक, लोहे के जाल, जीआई पाइपलाइन, विद्युत कार्य, खेल सामग्री एवं सामान खरीद आदि में सरकारी धनराशि का गबन किया है, जो लाखों में बनता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि गांव में भईया वाले बोर के पास 10 एचपी की मोटर लगा रखी है, लेकिन कमाल की बात है कि सरपंच ने 15 एचपी की मोटर रिपेयर करवाने के बिल लगा रखे हैं। यह बिल एकबार के नहीं, बल्कि तीन बार के लगा रखे हैं, जो कि 5 मार्च 2024, एक अक्टूबर 2022 तथा 15 अक्टूबर 2022 के हैं। यह बिल लगभग 14 से 15 हजार रुपये के एक-एक बिल हैं। जांच में अधिकारी ने माना है कि 44821 रुपये के ये बिल फर्जी प्रतीत होते हैं, क्योंकि मौके के निरीक्षण के दौरान पंप ऑपरेटर ने ब्यान दर्ज करवाए हैं कि उक्त 10 एचपी की मोटर आज तक कभी भी खराब ही नहीं हुई है। 15 एचपी की वहां कोई मोटर भी नहीं लगी हुई है। इसी प्रकार गांव में लगे आरओ सिस्टम के बारे में भी कुछ ऐसी ही रिपोर्ट है। जांच अधिकारी ने लिखा है कि सरपंच द्वारा मौके पर कोई आरओ सिस्टम लगा हुआ नहीं पाया गया है। जबकि 21 फरवरी 2023 को आरओ रिपेयर हेतु प्रस्ताव पास किया गया और रिकार्ड के अनुसार बिलों के आधार पर भुगतान भी किया गया, जो फर्जी प्रतीत होते हैं। आरओ रिपेयर में 27204 रुपये के बिल लगे हुए हैं। गांव एवं खेल मैदान की सफाई कराने में भी सरपंच द्वारा जेसीबी का उपयोग करके करीब 59 हजार रुपये के बिल एवं भुगतान होना दिखाया गया, जो कि व्यवहारिक एवं तर्कसंगत प्रतीत नहीं होता। जांच रिपोर्ट के मुताबिक सरपंच ने पंचायत के सामान खरीद में भी गड़बड़ी की। पंचायत ने सार्वजनिक कार्यक्रमों में बैठने के लिए फर्नीचर मेज, कुर्सी, दरी तथा अन्य जरूरत के सामान की खरीद दिखाकर 1,36,408 रुपये के बिलों की अदायगी दिखाई गई है। जबकि सरपंच द्वारा पंचायत उपयोग के नाम पर सामान की खरीद दिखाकर निजी उपयोग में लाया जा रहा है। जांच अधिकारी अधीक्षक अभियंता पंचायत राज सतर्कता एवं चौकसी ब्यूरो गुरुग्राम ने लिखा है कि यह सभी कार्य सरपंच मनोज कुमारी की लापरवाही एवं अनियमितताओं को दर्शाते हैं। जांच अधिकारी ने इस जांच रिपोर्ट को संबंधित अधिकारियों की सेवा में आगामी कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दिया है।



**महेंद्रगढ़।** एसडीएम को ज्ञापन देने आए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## पॉलिथीन के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन तीनों एनएसएस इकाइयों के स्वयंसेवकों द्वारा पॉलिथीन के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों के सहयोग से एक जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली को महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव एवं मुख्यातिथि प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मीनारायण यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य बाजारों से होकर निकाली गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने आमजन को पॉलिथीन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया।

स्वयंसेवकों ने बताया कि पॉलिथीन के उपयोग से किस प्रकार जीव-जंतुओं एवं पर्यावरण को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है तथा इसके स्थान पर कपड़े से बने थैलों के उपयोग को अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। रैली के उपरांत एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा उपमंडल अधिकारी (नागरिक) कनिका गोयल को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें महेंद्रगढ़ शहर में पॉलिथीन पर नियमों के अनुसार प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर उप-मंडल अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि इस विषय में नियमों के अनुरूप शीघ्र उचित निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे पॉलिथीन के बढ़ते उपयोग को रोकने के लिए समाज, गांवों एवं अपने घरों में भी लोगों को जागरूक करें।

#### ये रहे मौजूद

*इस कार्यक्रम में एनएसएस की तीनों इकाइयों के प्रभारी डॉ. बलजीत सिंह, प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ, डॉ. परमीत कुमारी, प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. रेनू यादव, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पविता यादव, डॉ. सोमवीर, डॉ. अलका, डॉ. संदीप कुमारी, डॉ. अनिता यादव, अजय पाल, ईश्वर यादव, रविन्द्र, राकेश, बबिल सहित महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।*

## शिकायत का समाधान करना ही प्रशासन का दायित्वः एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

समाधान शिविर में आने वाली नागरिकों की शिकायतों का तत्परता के साथ समाधान करना ही प्रशासन का दायित्व है। प्रत्येक मंगलवार को सतनाली खंड कार्यालय में समाधान शिविर सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। मंगलवार को आयोजित शिविर में एसडीएम कनिका गोयल ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई की।

शिविर में नागरिक परिवार पहचान पत्र, बिजली निगम, राजस्व विभाग, पंचायती विभाग आदि से संबंधित शिकायत लेकर नागरिक पहुंचे। एसडीएम ने शिविर में विभिन्न प्रकार की शिकायत लेकर आए 10 नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को अविलंब समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मनोज कुमार सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



**महेंद्रगढ़।** लोगों की शिकायत सुनती एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

## वर्षा चौहान ने पास की एफएमजीई परीक्षा



**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव गुजरवास की बेटी वर्षा चौहान ने विदेश से एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने के बाद भारत में चिकित्सा का अभ्यास करने के लिए एफएमजीई परीक्षा पास कर ली है। वर्षा ने कड़ी मेहनत, जूनून और लंबे संघर्ष के बाद अपने सपने को पूरा किया। यह परीक्षा राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की जाती है और भारत में चिकित्सा का अभ्यास करने के लिए अनिवार्य है। बेटी की उपलब्धि से गदगद वर्षा के पिता ओपी चौहान ने कहा कि आज बेटा बेटी एक समान हैं। तीनों बेटियां उच्च शिक्षित हैं। एक समय था जब बेटी के जन्म पर परिवार खुश नहीं होता था, लेकिन आज वर्षा ने अपनी विशिष्ट उपलब्धि से घर आंगन को खुशियों से सराबोर कर दिया है। उन्होंने बताया कि बेटी ने कठिन परिश्रम तथा जुनून से अपना लक्ष्य हासिल किया है। उसकी जिद थी कि बनूं तो डॉक्टर, नहीं तो सिर्फ बारहवीं पास ही रहूंगी। वर्षा चौहान ने कहा कि लक्ष्य निर्धारण और कठिन परिश्रम से सब कुछ संभव है। वर्षा चौहान की उपलब्धि पर सरपंच वर्षा रानी, ठाकुर सरदार सिंह, डॉ. अनिल यादव, डॉ. राजकुमार, डॉ. विकास, डॉ. विनोद, विनय अग्रवाल, डॉ. रणपाल सिंह, नरपत सिंह, नरोत्तम दास, प्राचार्य कृष्ण कुमार, राजेंद्र वर्मा, मदन सिंह चौहान, पूर्व सरपंच निर्मला, ताराचंद, बिमला अग्रवाल, प्रवक्ता आशा तंवर तथा कर्ण सिंह आदि ने शुभ कामनाएं प्रेषित की हैं।

## सेवानिवृत्त सैनिकों का तिलक लगाकर किया स्वागत

**बहन भवानी देवी ने रेलवे स्टेशन पर भाइयों को लगाया तिलक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

रेलवे स्टेशन पर उस समय माहौल भावुक हो गया, जब उपमंडल के गांव नौरंगाबाद निवासी दो कजिन भाई भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होकर अपने गांव लौटे। स्टेशन पर पहुंचते ही उनकी बहन ने परिवार सहित दौड़कर तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। गांव नौरंगाबाद निवासी नायब सूबेदार बीर सिंह ने भारतीय सेना में 24 वर्षों तक अपनी सेवाएं दी और 31 जनवरी को टोंक रेजिमेंट से सेवानिवृत्त हुए। वहीं उनके चाचा के पुत्र हवलदार मोहर सिंह ने भी टोंक रेजिमेंट अहमदनगर में 16 वर्षों तक सेवा देने के बाद 31 जनवरी को सेवानिवृत्ति प्राप्त की। ट्रेन द्वारा महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर दोनों सैनिकों का उनकी बहन भवानी देवी ने तिलक लगाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान परिजनों और ग्रामीणों की आंखें भावुक हो उठी। सेवानिवृत्त सैनिकों नायब सूबेदार बीरसिंह एवं हवलदार मोहर सिंह ने कहा कि भारतीय सेना में सेवा करना उनके जीवन का सबसे गर्वपूर्ण समय रहा है। उन्होंने पूरी निष्ठा, मेहनत और ईमानदारी से देश की सेवा की है। रेलवे स्टेशन पर स्वागत के बाद दोनों सैनिकों को सम्मान समारोह के लिए उनके पैतृक गांव नौरंगाबाद ले जाया गया। इस अवसर पर मीना देवी, पूजा, नरेश सिंह, जगदीश सिंह, चंचल देवी, दयावती देवी, युवी, सूर्य प्रताप सिंह, मुकुल, तनुश्री, प्रतीक, दीपेंद्र, युद्धवीर, रजत सिंह, हरदीप सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।



**महेंद्रगढ़।** सेवानिवृति के बाद स्टेशन पर बहन तिलक लगाकर स्वागत करती हुई। फोटो : हरिभूमि

**राज्य में जरूरत मुताबिक खोले व अपग्रेड किए जा रहे नए अस्पतालः स्वास्थ्य मंत्री**

# नांगल सिरोही में कम्युनिटी हेल्थ सेंटर खोलने को प्रशासनिक स्वीकृतिः आरती सिंह राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश में आमजन को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आवश्यकतानुसार नए अस्पताल खोले जा रहे हैं तथा मौजूदा स्वास्थ्य संस्थानों को निरंतर अपग्रेड किया जा रहा है। राज्य सरकार शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य ढांचे को सशक्त बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।



- परियोजना पर खर्च होंगे करीब 17.32 करोड़ रुपये

स्वास्थ्य मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में महेंद्रगढ़ जिले के गांव नांगल सिरोही में एक कम्युनिटी हेल्थ सेंटर (सीएचसी) खोलने को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना पर करीब 17.32 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस सीएचसी के शुरू होने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा और उन्हें इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। आरती सिंह राव ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक नागरिक तक समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें। इसी लक्ष्य के तहत प्रदेश में अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा उप स्वास्थ्य केंद्रों को मजबूत किया जा रहा है।

#### डॉक्टरों की तैनाती पर विशेष ध्यान

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता, विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे ये प्रयास राज्य सरकार की सबका साथ, सबका विकास की नीति को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी जरूरत के अनुसार नए स्वास्थ्य संस्थानों की स्थापना और मौजूदा संस्थानों के उन्नयन का कार्य लगातार जारी रहेगा, ताकि हरियाणा का स्वास्थ्य ढांचा और अधिक सुदृढ़ हो सके।

## नशे की हालात में मिली महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा रोडवेज बस में सफर कर रही एक महिला के नशे में बेसुध होने से हड़कंप मच गया। यह मामला उस समय सामने आया जब महेंद्रगढ़ से अटेली की ओर आ रही रोडवेज बस में यात्रा कर रही महिला बेसुध अवस्था में पाई गई। बस चालक व परिचालक ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम गांव जासावास बस स्टैंड पर पहुंची। हालांकि, टीम के साथ महिला पुलिसकर्मी मौजूद नहीं होने के कारण महिला को बस के माध्यम से ही आगे बस स्टैंड तक ले जाने की बात कही गई। इसके बाद मामले की जानकारी शहर थाना पुलिस को दी गई। इस दौरान थाना क्षेत्र को लेकर शहर थाना और सदर थाना पुलिस के बीच कुछ समय के लिए असमंजस की स्थिति बनी रही। शहर थाना पुलिस का कहना था कि जासावास बस स्टैंड सदर थाना क्षेत्र में आता है, इसलिए कार्रवाई सदर थाना पुलिस द्वारा की जानी चाहिए। अंततः महिला पुलिसकर्मियों की सहायता से डायल 112 टीम महिला को सदर थाना लेकर पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला के पास कट्टे में शराब की एक बोतल भी मिली और वह नशे की हालत में थी। वहीं रोडवेज अड्डा इंचार्ज हरिकिशन ने बताया कि यह बस महेंद्रगढ़ से अटेली जा रही थी और महिला के नशे में होने की सूचना पुलिस को दी गई थी।




**महेंद्रगढ़।** डायल 112 की गाड़ी में बैठाते पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### श्रीमद्भागवत गीता महायज्ञ 22 को

**महेंद्रगढ़।** मानव चेतना, मानसिक संतुलन और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अनहद शक्ति फाउंडेशन द्वारा 22 फरवरी को बाबा जयरामदास मंदिर पाली में तृतीय श्रीमद्भागवत गीता महायज्ञ आयोजित करेगा। इस आयोजन के अंतर्गत पूर्णिमा की रात्रि में गायत्री मंत्र के 21 हजार सामूहिक जाप किए गए, जिन्हें आधुनिक विज्ञान की भाषा में ध्वनि-तरंगों द्वारा मानसिक एकाग्रता, सकारात्मक ऊर्जा एवं समूह चेतना के निर्माण से जोड़ा जाता है। मंत्र जाप के दौरान उत्पन्न लयबद्ध ध्वनि, श्वसन और एकाग्रता का प्रभाव मनोविज्ञान एवं न्यूरो-साइंस में मानसिक शांति एवं तनाव-नियंत्रण से संबंधित माना जाता है। इन्हीं मंत्र कंपनाओं के माध्यम से यज्ञ-प्रसाद को गायत्री एवं श्रीकृष्ण मंत्रों से अभिमंत्रित किया गया है।